# नोट शीट

मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

महोदय,

दिनांक 27-10-2023 को जनपद संत कबीर नगर के फेज-2 व फेज-5 से संबंधित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०), समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण) तथा सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात सभी एजेन्सियों की समीक्षा किया गया।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें ।

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

जिलाधिकारी
सन्त कबीर नगर
6/11/2023

पत्रांक- 1905 / m-13 / 153 / दि० 06-11-2023

## दिनांक 27-10-2023 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 27-10-2023 को जनपद संतकबीरनगर के जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०), समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), इं० पुष्कर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, जैक्सन-विश्वराज प्रा० लि०, इं० हकीम पाशा, इंजीनियर, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, इं० बृजेश सिंह, डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, श्री ओ०पी० तिवारी, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, ए०डी०एफ०ओ०, वन विभाग उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित बैठक की सूचना होने के बावजूद भी कार्यादायी फर्म- मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि० के जी०एम० इं० शैलेन्द्र शर्मा बैठक से अनुपस्थित रहे, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए दिनांक 28.10.2023 को पुनः उपस्थित होकर व्यक्तिगत रूप से प्रगति एवं कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया । जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 170 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ है। रसूलाबाद पेयजल योजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु तहसील स्तर से भूमि विनिमय की प्रक्रिया की जा रही है। ट्यूबवेल 174 पूर्ण, 164 विकसित, पाइप लाइन के लक्ष्य 1406 कि0मी0 के सापेक्ष 1310.00 की प्रगति की गई। 55 परियोजनाओं पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 57 पर कार्य प्रगति पर तथा 67 परियोजनाओं पर कार्य अनारंभ है। शिरोपरि जलाशय का कार्य 125 योजनाओं पर प्रारम्भ है, जिसमें 40 कार्य Ground Level पर एवं Slab Level पर 05 है, शेष अनारंभ हैं। लक्षित गृह संयोजन 56030 के सापेक्ष 33432 की प्रगति की जा चुकी है। कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 379.30 करोड़ के सापेक्ष रू0- 189.51 करोड़ व्यय किया गया।

अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि ओवरहेड टैंक एवं पम्प हाउस इत्यादि की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा साप्ताहिक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में इनके ऊपर 2 प्रतिशत का liquidated damages का पेनाल्टी लगाया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

2. कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)

जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन- विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है , जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। ट्यूबवेल 143 पूर्ण 71 विकसित, पाइप लाइन के लक्ष्य 3145 कि0मी0 के सापेक्ष 666 की पूर्ती की गई। पम्प हाउस 26 पर कार्य प्रारम्भ एवं 12 कार्य पूर्ण है। शिरोपरि जलाशय- 105 कार्य प्रारम्भ है, जिसमें 09 कार्य Raft स्तर पर एवं Slab Level पर 02 है। लक्षित गृह संयोजन 155805 के सापेक्ष 8231 की प्रगति की जा चुकी है। कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 796.98 करोड़ के सापेक्ष रू0- 85.27 करोड़ व्यय किया गया।

दोनों कार्यादायी फ़र्मों की component-wise प्रगति निम्नानुसार है ।

| फर्म का नाम | | मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०, हैदराबाद। | | | JAKSON - VISHVARAJ (JV) , New Delhi | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | प्रगति | शेष | लक्ष्य | प्रगति | शेष |
| कवर एग्रीमेन्ट | | 171 | 171 | 0 | 290 | 249 | 41 |
| कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ की सं० | | 171 | 170 | 1 | 249 | 228 | 21 |
| ट्यूबवेल (सं०) | बोरिंग | 179 | 174 | 5 | 249 | 168 | 81 |
| | विकसित | 179 | 164 | 15 | 249 | 143 | 106 |
| पाइप लाइन (कि०मी०) | | 1406.00 | 1310.00 | 96.00 | 3146.00 | 853.00 | 2293 |
| पम्प हाउस | कार्य प्रारम्भ | 179 | 112 | 67 | 249 | 74 | 175 |
| | 100% तक पूर्ण | 179 | 55 | 124 | 249 | 32 | 217 |
| शिरोपरि जलाशय (सं०) | कार्य प्रारम्भ | 171 | 125 | 46 | 249 | 29 | 220 |
| | 100% तक पूर्ण | 171 | 0 | 171 | 249 | 0 | 249 |
| गृह संयोजन (सं०) | | 56030 | 33432 | 22598 | 155805 | 8231 | 145374 |
| हर घर जल सर्टिफिकेट | | 416 | 0 | 416 | 12 | 0 | 12 |
| वित्तीय प्रगति (धनराशि करोड़ में) | | 379.30 | 189.51 | 189.80 | 796.98 | 95.27 | 701.71 |

Scanned with OKEN Scanner

3. **<u>जल जीवन मिशन से पूर्व स्वीकृत परियोजनाएं</u>**

- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 112 परियोजनाएं स्वीकृत थीं । जिसके सापेक्ष 43 परियोजनाएं पूर्ण कर संचालन हेतु ग्राम पंचायत को हस्तांतरित है। 31 परियोजनाएं पूर्ण है, परंतु हस्तांतरित नहीं है तथा जल निगम द्वारा संचालित है। शेष 38 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं ।
- जल निगम द्वारा संचालित 31 परियोजनाओं के सापेक्ष 15 परियोजनाएं संचालित हैं, शेष पर जलापूर्ति बंद है। अधिशासी अभियंता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि इन सभी परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करते हुए पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कराएं।
- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत को हस्तांतरित 43 परियोजनाओं में 16 परियोजनाओं पर जलापूर्ति बंद है। जिसका कारण नियमित रूप से मरम्मत नहीं किया जाना एवं ऑपरेटर का मानदेय नहीं दिया जाना है। निर्देशित किया गया कि इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से पत्र जारी कर कर जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित कराएं।
- इसी प्रकार 112 परियोजनाओं में सम्मिलित कुल 258 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 27 परियोजनाए / 56 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया है, जो मात्र 21% है। अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर प्रमाणीकरण की प्रगति बढ़ाएं तथा इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से पत्र भी जारी कराएं ।

3. **<u>डी0पी0एम0यू0 (Arvee Associates)</u>**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 के ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि अपनी टीम के सहयोग से समस्त उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर एक सप्ताह में भूमि विबाद के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करायें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि GIS Expert के माधयम से सभी परियोजनाओं के Geotagging का कार्य पूर्ण कराएं तथा डी0पी0एम0यू0 के स्टाफ को तहसीलवार विवाद-निस्तारण हेतु नामित करें। जिससे उनके द्वारा सक्रिय रूप से ससमय विवाद- निस्तारण कर कार्य प्रारम्भ कराया जा सके।
- ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि वृक्ष कटान संबंधित लंबित प्रकरणों में व्यक्तिगत रुचि लेकर एक सप्ताह में निस्तारित कराएं।

4. **<u>थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी (Fichtner Consulting Engineers Ltd.)</u>**

- टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0- श्री बृजेश कुमार द्वारा बताया गया गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं बिल सत्यापन हेतु इनके पास इंजीनियर एवं सुपरवाइजर की कुल संख्या- 11 मैनपावर की टीम है।

Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 के कार्यों का दैनिक अनुश्रवण हेतु प्रत्येक इंजीनियर द्वारा भ्रमण किये गये कार्य स्थल का विवरण, प्रारूप निर्धारित कर प्रतिदिन प्राप्त करायें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर तत्काल Non-conformance रिपोर्ट जारी करें तथा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें ।

**अन्य बिन्दु**

1. पेड़ कटान के लंबित प्रकरणों पर अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि वन विभाग के स्तर से सभी परियोजनाओं का मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त हो गया है संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा नीलामी अधिकारी एवं तिथि नियत कर दिया गया है तदनुसार नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में पेड़ कटान की समस्त करवाई पूर्ण कराना सुनिश्चित कारण
2. लंबित भूमि प्रकरणों के निस्तारण हेतु समस्त उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया गया कि साप्ताहिक रोस्टर निर्धारित कर भूमि प्रकरणों को एक सप्ताह में निस्तारित कराएं ।
3. सड़क क्षतिग्रस्त होने की अत्यधिक शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यादायी फ़र्मों द्वारा प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में शत प्रतिशत सड़क मरम्मत किए जा चुके ग्राम पंचायतों की सूची प्रस्तुत की जाएगी , जिसका सत्यापन टीम गठित कराकर कराया जाएगा ।

(संत कुमार) 5.1.23
मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

पृ०स०- दिनांक-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. मंडलायुक्त महोदय, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ ।
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ ।
3. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), संतकबीरनगर ।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर वन प्रभाग ।
5. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
6. जी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि० ।
7. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
8. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
9. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

Scanned with OKEN Scanner